प्रेषक,

मदन मोहन,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

पुलिस महानिदेशक/महानिरीक्षक,
कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-2 लखनऊ दिनांक 19 फरवरी, 2025

विषय:- केन्द्रीय कारागार, आगरा में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी राजू उर्फ राजेश पुत्र श्री सुन्दर लाल यादव, निवासी जनपद-झांसी की फार्म-ए/लाइसेंस के आधार पर समयपूर्व रिहाई के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक वरिष्ठ अधीक्षक(मु0) कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें, उ0प्र0 लखनऊ के पत्र संख्या-7419/प्रोवेशन-3-फार्म-ए/(एम-10.01.2022) दिनांक-09.03.2022 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें।

2- उक्त पत्र द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्तावानुसार केन्द्रीय कारागार, आगरा में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी राजू उर्फ राजेश पुत्र श्री सुन्दर लाल यादव, मौहल्ला, ग्वालटोली हसारी थाना-प्रेमनगर, जनपद-झांसी का निवासी है। बन्दी ने पुरानी रंजिश में दिनांक 03.09.2005 को 01 सहअभियुक्त के साथ मिलकर देशी तमन्चे से गोली मारकर जगदीश नामक व्यक्ति की हत्या कर दी तथा गांव के रघुवर पहलवान द्वारा रोकने की कोशिश करने पर तमंचे से गोली मारकर उसकी भी हत्या कर दी तथा फायर की आवाज सुनकर अशोक नामक व्यक्ति के आने पर तमंचे से गोली मारकर हत्या सहित 03 व्यक्तियों की हत्या कर दी, उक्त अपराध हेतु बन्दी को (1) एसटीनं0-12/2006 में भा0द0वि0 की धारा-302 व 3(1) गैगेस्टर एक्ट के अन्तर्गत मा0 अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट नं0-02, झांसी के आदेश दिनांक 19.02.2008 द्वारा आजीवन कारावास से दण्डित किया गया। (2)-एसटी नं-138/2006 में भा0द0वि0 की धारा-25 आर्म्स एक्ट में 01 वर्ष कारावास से दण्डित किया गया। मा0 उच्च न्यायालय इलाहाबाद के आदेश दिनांक 01.10.2015 बन्दी की अपील निर्णीत करते हुए आजीवन कारावास की सजा को यथावत रखा गया, बंदी द्वारा दिनांक 11.12.2021 तक 15 वर्ष, 11 माह, 16 दिन की अपरिहार तथा 18 वर्ष, 09 माह, 19 दिन की सजा भोगी गयी है।

3- जिला मजिस्ट्रेट, झांसी की अध्यक्षता में सम्पन्न समिति की बैठक दिनांक 06.08.2021 में जिला प्रोबेशन अधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा बन्दी से हुई वार्ता, शारीरिक दशा, आयु को दृष्टिगत रखते हुए भविष्य में अपराध कारित करने का अवसर प्रतीत होने की आख्या अंकित करते हुए बन्दी की समयपूर्व रिहाई की संस्तुति नहीं की गयी है एवं मा0 उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्दिष्ट 05 बिन्दुओं की आख्या में बन्दी का अपराध व्यक्ति विशेष तक सीमित अपराध की श्रेणी में नहीं होने, भविष्य में अपराध करने की सम्भावना होने, पुनः अपराध करने में अशक्त नहीं होने, जेल में आगे और निरूद्ध रखने का प्रयोजन होने की आख्या अंकित करते हुए समयपूर्व मुक्ति की संस्तुति नहीं की गयी है।

4- प्रोबेशन बोर्ड का अभिमत है कि बन्दी ने पुरानी रंजिश में दिनांक 03.09.2005 को 01 सहअभियुक्त के साथ मिलकर देशी तमन्चे से गोली मारकर 03 व्यक्तियों की हत्या करने का जघन्य अपराध कारित किया गया है। इस तरह के अपराधियों की समयपूर्व रिहाई से समाज में न्यायिक प्रणाली के बारे में विपरीत संदेश जायेगा। बन्दी का अपराध समाज को प्रभावित करने, जेल में निरूद्ध रखने का

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

सार्थक प्रयोजन होने का अंकन जनपदीय अधिकारियों द्वारा निर्दिष्ट 05 बिन्दुओं की आख्या में किया गया है। इस प्रकार बन्दी द्वारा किये गये अपराध की गम्भीरता एवं जघन्यता, जिला प्रोबेशन अधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा समिति एवं मा0 उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्दिष्ट 05 बिन्दुओं की आख्या में समयपूर्व रिहाई का विरोध किये जाने के दृष्टिगत प्रिजनर्स रिलीज आंन प्रोबेशन एक्ट-1938 की धारा-2 के अन्तर्गत सिद्धदोष बंदी राजू उर्फ राजेश पुत्र सुन्दर लाल यादव को फार्म-ए/लाईसेंस के आधार पर रिहा किये जाने की संस्तुति नहीं की गयी है।

5- उपरोक्त वर्णित तथ्यों के परिप्रेक्ष्य में मुझे यह सूचित करने का निदेश हुआ है केन्द्रीय कारागार, आगरा में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी राजू उर्फ राजेश (बन्दी संख्या-14241) पुत्र श्री सुन्दर लाल यादव, निवासी जनपद-झांसी के फार्म-ए/लाईसेंस पर यू0पी0 प्रिजनर्स रिलीज आन प्रोबेशन एक्ट,1938 की धारा-2 के प्राविधानों के अन्तर्गत सम्यक् विचारोपरान्त उसे मुक्ति का पात्र नहीं पाया गया है। अतएव उक्त बन्दी की लाइसेन्स पर मुक्ति राज्यपाल महोदया द्वारा अस्वीकार कर दी गयी है। तदनुसार उसके फार्म-ए/लाईसेंस पर शासन के आदेश अंकित करके एतद्द्वारा वापस लौटाया जा रहा है। कृपया प्राप्ति स्वीकार करते हुए शासन के निर्णय से बन्दी को तत्काल अवगत कराने का कष्ट करें।

संलग्नक: यथोपरि।

(बन्दी का फार्म-ए एवं समस्त पत्रादि सहित)

भवदीय,
मदन मोहन
विशेष सचिव।

संख्या-130/2025/462(1)/22-2-2022 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- जिला मजिस्ट्रेट, झांसी।
2- वरिष्ठ अधीक्षक, केन्द्रीय कारागार, आगरा।
3- निजी सचिव, मा0 मंत्री, कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग, उ0प्र0 शासन को मा0 मंत्री जी के सूचनार्थ।
4- निजी सचिव, मा0 राज्यमंत्री, कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग, उ0प्र0 शासन को मा0 मंत्री जी के सूचनार्थ।
5- नोडल अधिकारी/अधीक्षक, जिला कारागार, गाजियाबाद को विशेष अनुज्ञा याचिका (कि0) डायरी संख्या-28783/2023 सुरेन्द्र उर्फ सुण्डा बनाम उत्तर प्रदेश राज्य व अन्य में मा0 उच्चतम न्यायालय में पारित आदेश दिनांक 13.11.2024 के सन्दर्भ में।
6- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
विनोद कुमार द्विवेदी
संयुक्त सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

शासनादेश संख्या-130/2025/462/22-2-2022-17(412)/2022

दिनांक 19 फरवरी, 2025 का संलग्नक

सरकार के आदेश

केन्द्रीय कारागार, आगरा में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी राजू उर्फ राजेश पुत्र श्री सुन्दर लाल यादव, मौहल्ला, ग्वालटोली हसारी थाना-प्रेमनगर, जनपद-झांसी का निवासी है। बन्दी ने पुरानी रंजिश में दिनांक 03.09.2005 को 01 सहअभियुक्त के साथ मिलकर देशी तमन्चे से गोली मारकर जगदीश नामक व्यक्ति की हत्या कर दी तथा गांव के रघुवर पहलवान द्वारा रोकने की कोशिश करने पर तमंचे से गोली मारकर उसकी भी हत्या कर दी तथा फायर की आवाज सुनकर अशोक नामक व्यक्ति के आने पर तमंचे से गोली मारकर हत्या सहित 03 व्यक्तियों की हत्या कर दी, उक्त अपराध हेतु बन्दी को (1) एसटीनं0-12/2006 में भा0द0वि0 की धारा-302 व 3(1) गैगेस्टर एक्ट के अन्तर्गत मा0 अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट नं0-02, झांसी के आदेश दिनांक 19.02.2008 द्वारा आजीवन कारावास से दण्डित किया गया। (2)-एसटी नं-138/2006 में भा0द0वि0 की धारा-25 आर्म्स एक्ट में 01 वर्ष कारावास से दण्डित किया गया। मा0 उच्च न्यायालय इलाहाबाद के आदेश दिनांक 01.10.2015 बन्दी की अपील निर्णीत करते हुए आजीवन कारावास की सजा को यथावत रखा गया, बंदी द्वारा दिनांक 11.12.2021 तक 15 वर्ष, 11 माह, 16 दिन की अपरिहार तथा 18 वर्ष, 09 माह, 19 दिन की सजा भोगी गयी है।

जिला मजिस्ट्रेट, झांसी की अध्यक्षता में सम्पन्न समिति की बैठक दिनांक 06.08.2021 में जिला प्रोबेशन अधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा बन्दी से हुई वार्ता, शारीरिक दशा, आयु को दृष्टिगत रखते हुए भविष्य में अपराध कारित करने का अवसर प्रतीत होने की आख्या अंकित करते हुए बन्दी की समयपूर्व रिहाई की संस्तुति नहीं की गयी है एवं मा0 उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्दिष्ट 05 बिन्दुओं की आख्या में बन्दी का अपराध व्यक्ति विशेष तक सीमित अपराध की श्रेणी में नहीं होने, भविष्य में अपराध करने की सम्भावना होने, पुनः अपराध करने में अशक्त नहीं होने, जेल में आगे और निरूद्ध रखने का प्रयोजन होने की आख्या अंकित करते हुए समयपूर्व मुक्ति की संस्तुति नहीं की गयी है।

प्रोबेशन बोर्ड का अभिमत है कि बन्दी ने पुरानी रंजिश में दिनांक 03.09.2005 को 01 सहअभियुक्त के साथ मिलकर देशी तमन्चे से गोली मारकर 03 व्यक्तियों की हत्या करने का जघन्य अपराध कारित किया गया है। इस तरह के अपराधियों की समयपूर्व रिहाई से समाज में न्यायिक प्रणाली के बारे में विपरीत संदेश जायेगा। बन्दी का अपराध समाज को प्रभावित करने, जेल में निरूद्ध रखने का सार्थक प्रयोजन होने का अंकन जनपदीय अधिकारियों द्वारा निर्दिष्ट 05 बिन्दुओं की आख्या में किया गया है। इस प्रकार बन्दी द्वारा किये गये अपराध की गम्भीरता एवं जघन्यता, जिला प्रोबेशन अधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा समिति एवं मा0 उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्दिष्ट 05 बिन्दुओं की आख्या में समयपूर्व रिहाई का विरोध किये जाने के दृष्टिगत प्रिजनर्स रिलीज आंन प्रोबेशन एक्ट-1938 की धारा-2 के अन्तर्गत सिद्धदोष बंदी राजू उर्फ राजेश पुत्र सुन्दर लाल यादव को फार्म-ए/लाईसेंस के आधार पर रिहा किये जाने की संस्तुति नहीं की गयी है।

उक्त के दृष्टिगत सम्यक् विचारोपरान्त राज्यपाल महोदया द्वारा बंदी की फार्म-ए के आधार पर समयपूर्व रिहाई अस्वीकार कर दी गयी है।

मदन मोहन

विशेष सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in